समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# कोरोना वायरस का नया वेरिएंट 16 राज्यों मे फैला, एक्टिव केस 1000 पार, दिल्ली मे 104 केस।

Publisher

Published on 26 May 2025



## स्वास्थ्य मंत्रालय सतर्क, केरल और महाराष्ट्र मे संबसे ज्यादा मामले, देश मे बंढ़ रही कोविड-19 की रफ्तार।

**नई दिल्ली, 27 मई 2025:** भारत में कोरोना वायरस के नए वेरिएंट ने एक बार फिर चिंता बढ़ा दी है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी किए गए ताज़ा आंकड़ों के अनुसार, देश में कोविड-19 के कुल सक्रिय मामले 1009 हो गए हैं। इनमें से **752 नए केस** हाल ही में दर्ज किए गए हैं। इसके साथ ही, **7 लोगों की मौत** की पुष्टि की गई है, जिनमें से **4 महाराष्ट्र, 2 केरल** और **1 कर्नाटक** से हैं।

**किन राज्यों मे कितने केस ?**

**सबसे ज्यादा केस** अभी भी **केरल (430)** में हैं। इसके बाद **महाराष्ट्र (209)** और **दिल्ली (104)** में एक्टिव केस हैं। अन्य राज्यों का विवरण:

१. **गुजरात – 83**
२. **तमिलनाडु – 69**
३. **कर्नाटक – 47**
४. **उत्तर प्रदेश – 15**
५. **राजस्थान – 13**
६. **पश्चिम बंगाल – 12**

७. **पांडिचेरी व हरियाणा – 9-9**
८. **आंध्र प्रदेश – 4**
९. **मध्य प्रदेश – 2**
१०. **छत्तीसगढ़, गोवा, तेलंगाना – 1-1**

कुछ राज्यों जैसे **बिहार, असम, हिमाचल प्रदेश, अंडमान, जम्मू-कश्मीर** आदि में अब तक कोई सक्रिय मामला दर्ज नहीं हुआ है।

### स्वास्थ्य मंत्रालय और विशेषज्ञ सतर्क

स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक हालात पर **समीक्षा बैठके** की जा रही हैं। हाल ही में **DGHS, NCDC, ICMR,** और **अन्य केंद्रीय संस्थानों** के विशेषज्ञों के साथ एक बैठक आयोजित की गई जिसमें मौजूदा स्थिति और संभावित जोखिमों पर विचार किया गया।

### दिल्ली मे कोरोना मामलों मे उछाल

दिल्ली में एक्टिव केस 104 हो चुके हैं। दिल्ली के **स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज सिंह** ने नागरिकों से पैनिक न करने की अपील की है। उन्होंने कहा:"हमारे अस्पताल पूरी तरह तैयार हैं। ऑक्सीजन से लेकर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं। लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है।"

दिल्ली सरकार ने कोविड को लेकर **नई एडवाइजरी** भी जारी की है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.